# स्थलाकृति

1. **मेरियाना खाई, किस महासागर तल में स्थित है?**
(a) दक्षिणी अटलांटिक महासागर
(b) पश्चिमी प्रशांत महासागर
(c) पूर्वी प्रशांत महासागर
(d) उत्तरी अटलांटिक महासागर

2. **शैल में उद्वलन क्या होता है?**
(a) द्रोणिका (ग्राबेन)
(b) अंतस्थ खंड (हॉर्स्)
(c) अपनति
(d) अभिनति

3. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I(द्वीप) | | सूची-II(अवस्थिति) | |
|---|---|---|---|
| A | महादेशी द्वीप | 1 | मॉरीशस |
| B | प्रवाल द्वीप | 2 | मेडागास्कर |
| C | ज्वालामुखी द्वीप | 3 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह |
| D | पर्वतीय द्वीप | 4 | मालदीव |

**कूट:-**
(a) **A**-2,**B**-4,**C**-1,**D**-3
(b) **A**-1,**B**-2,**C**-4,**D**-3
(c) **A**-3,**B**-1,**C**-4,**D**-2
(d) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4

4. **किसी झील की, जिसकी ऊपरी सतह हिमशीतित होकर बर्फ बन गई हो, तली पर जल का तापमान लगभग क्या होगा?**
(a) -10°C
(b) 0°C
(c) 4°C
(d) -4°C

5. **निम्नलिखित में से कौन-सा एक निक्षेपण स्थलरूप है?**
(a) स्टैलैग्माइट
(b) लैपीज
(c) घोलरंध्र
(d) गुहा

6. **नदियों द्वारा उनके मार्ग में बनी निम्नलिखित विशेषतओं को, ऊर्ध्वप्रवाह से प्रारंभ कर, क्रमबद्ध कीजिए-**
**1.विसर्प** **2.प्रपात**
**3.डेल्टा** **4.चापझील**
**कूट**
(a) 2-1-3-4
(b) 2-1-4-3
(c) 1-2-3-4
(d) 1-4-2-3

7. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**कथन -I: किसी कार्स्ट भू-भाग में कहीं अधिक सर्वाधिक आम स्थलाकृतिक रूप, घोल रंध्र (सिंक होल) होता है।**
**कथन-II: स्थलाकृतिक रूप से, एक घोल रंध्र ऐसा गर्त अवनमन है जिसकी गहराई एक मीटर से भी कम से आरंभ होकर कई सौ मीटर तक हो सकती है।**
**कूट:**
(a) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं और कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
(b) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं और कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।
(d) कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

8. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**कथन - I : अध: कर्तित विसर्प, नदी की पूर्ण रूप से विकसित (परिपक्व) अवस्था में बनते हैं।**
**कथन– II : अध: कर्तित विसर्पों का विवरण (विशेषताएँ) पुनर्युवन और भूमि के उत्थान (उन्नयन) के अनुसार दिया जाता है।**
**कूट:**
(a) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं और कथन II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।
(b) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं किंतु कथन II कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) कथन I सही है, किंतु कथन II गलत है।
(d) कथन I गलत है, किंतु कथन II सही है।



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

9. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I(भू-आकृति की विशिष्टता) | | सूची-II(अवस्थिति) | |
|---|---|---|---|
| A | जलोढ़ पंख | 1 | पर्वतीय क्षेत्र |
| B | 'V' आकार की घाटियाँ | 2 | समुद्र तट |
| C | डेल्टा | 3 | नदी के निम्नतर फैलाव |
| D | चापझील | 4 | पर्वतीय गिरिपाद |

**कूट:-**
(a) **A-**4,**B-**1,**C-**2,**D-**3
(b) **A-**1,**B-**2,**C-**4,**D-**3
(c) **A-**3,**B-**1,**C-**4,**D-**2
(d) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4

10. **निम्नलिखित मैदानों में से कौन-सा एक चूना-पत्थर स्थलाकृति से संबंधित है?**
(a) बाहादा मैदान
(b) जलोढ़ मैदान
(c) कार्स्ट मैदान
(d) पेने मैदान

11. **आयरलैंड में छोटी झीलों को क्या कहा जाता है?**
(a) लाउ (Loughs)
(b) बॉग (Bogs)
(c) क्रीक (Creeks)
(d) ब्रुक (Brooks)

12. **मरुस्थलीय भूमि पर पाई जाने वाली निम्नलिखित भूआकृतियों में से कौन-सी एक अन्य तीन से भिन्न है?**
(a) यारदंग
(b) ज्यूगेन
(c) छत्रक शिला
(d) बालुका स्तूप

13. **मरुस्थलों के उत्पत्ति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1. महाद्वीपीय अवस्थिति या तट से दूरी भी मरुस्थलों की उत्पत्ति का कारण है।**
**2.ये मुख्यत: उपोष्ण उच्च वायुदाब के क्षेत्र है जहाँ वायु अवतलित होती हैं।**
**3. गर्म महासागरीय धाराएँ भी मरुस्थलों के निर्माण में सहायक हैं।**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2
(d) उपर्युक्त सभी

14. **निम्नलिखित मोड़दार पर्वतों में से किनका संबंध पामीर की गाँठ से माना जाता है?**
**1.जैग्रोस 2.कॉकेशस**
**3.क्यूनलून शान 4. एल्बुर्ज**
**5.आल्प्स**
**कूट**
(a) केवल 2, 3 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5
(d) उपर्युक्त सभी

15. **निम्नलिखित नदी स्थलाकृतियों में से कौन नदी के मध्य भाग में पाई जाती है/हैं?**
**1. विसर्प 2.गोखुर झील**
**3.गुम्फित नदी**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

16. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से कारक शैलों के अपक्षय में सम्मिलित है?**
**1. पाला 2.दाबांतर**
**3.वनस्पति 4.ऑक्सीकरण**
**5.जीव-जन्तु**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 4 और 5
(d) उपर्युक्त सभी

17. **डेल्टा निर्माण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी दशाएँ आवश्यक है?**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**1. नदी का आकार अधिक हो परंतु आयतन कम हो।**
**2.मुहाने के पास नदी का वेग मंद हो।**
**3.मुहाने के पास ज्वार की तरंगें प्रबल हो।**
**4. सागरीय तट तथा सागरीय पेटे स्थायी हो।**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. स्कैंडिनेवियन शील्ड फिनलैंड से लेकर नॉर्वे तक के क्षेत्र में विस्तृत है।**
**2. इस शील्ड की संरचना कठोर आग्नेय चट्टानों से हुई है।**
**3. इस शील्ड में धात्विक खनिजों के साथ-साथ जीवाश्म ईंधन भी मिलते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. डेल्टा प्रदेश की उच्चभूमि को चार (Chars) और दलदलीय क्षेत्र को बिल (Bills) कहते हैं।**
**2. रेह, 'कल्लर' (Kallar) या थुड़, खादर मैदान की विशेषता है**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह क्षेत्र बाढ़ के तल से ऊँचा होता है।**
**2.यह कृषि के लिए अधिक उपयोगी नहीं है।**
**3.पंजाब के मैदान में इसे 'छाया' कहते हैं।**
**4.यह पुरानी जलोढ़ मिट्टी का बना हुआ ऊँचा भाग है।**
**निम्नलिखित कथन किस क्षेत्र की सही ढंग से व्याख्या करता है?**
(a) भाबर
(b) तराई
(c) बांगर
(d) खादर

**21. शीत मरुस्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. शीत मरुस्थलों में लंबी तथा शुष्क ग्रीष्म ऋतु होती है।**
**2.ध्रुवीय मरुस्थलों की तरह ये मरुस्थल वर्ष भर ठंडे नहीं रहते हैं।**
**3. ये मरुस्थल समशीतोष्ण क्षेत्रों में अत्यधिक ऊँचाई तथा वृष्टि छाया क्षेत्रों में पाए जाते हैं।**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213